BSES

बिल का भुगतान करें, और जीतें वॉशिंग मशीन, फ्रिज व एलईडी टीवी

- बीएसईएस ने लॉन्च की जीरो बैलेंस स्कीम

नई दिल्लीः 11 मार्च, 2015। बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने अपने उपभोक्ताओं के लिए *जीरो बैलेंस स्कीम* लॉन्च की है। इसके तहत, तय समय पर अपने बिजली बिल/ बकाये का भुगतान कर, बीएसईएस उपभोक्ता जीत सकते हैं 40 इंच का एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और फ्रिज। साथ ही, सैकड़ों एलईडी बल्ब्स भी जीते जा सकते हैं।

दक्षिण, पश्चिम, मध्य और पूर्वी दिल्ली के बिजली उपभोक्ता अगर अपने बकाये बिलों व अरियर्स का भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें स्वतः साप्ताहिक लकी ड्रॉ और बंपर लकी ड्रॉ में शामिल कर लिया जाएगा। इसके लिए कहीं भगदौड़ करने या कोई फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है।

जीरो बैलेंस स्कीम में शामिल, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए बंपर लकी ड्रॉ का आयोजन 6 अप्रैल, 2015 को सुबह 10 बजे बीआरपीएल मुख्यालय नेहरू प्लेस में होगा। इसी दिन, पूर्वी और मध्य दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए बंपर लकी ड्रॉ का आयोजन बीवाईपीएल मुख्यालय कड़कड़डूमा में होगा।

अभी से 31 मार्च तक हर हफ्ते साप्ताहिक लकी ड्रॉ का आयोजन होगा, जहां बीआपीएल और बीवाईपीएल के हर डिविजन के 10–10 उपभोक्ता, पांच–पांच एलईडी बल्ब्स जीत पाएंगे। बीआरपीएल के 19 और बीवाईपीएल के 14 डिविजन हैं।

यह स्कीम 31 मार्च तक लागू रहेगी। साप्ताहिक लकी ड्रॉ या बंपर लकी ड्रॉ में हिस्सा लेने लेने के लिए उपभोक्ताओं को पिछला बकाया, अरियर्स आदि का भुगतान करके, बिजली बिल पर जीरो बैलेंस मेंटेन करना होगा।

लकी ड्रॉ व बंपर लकी ड्रॉ में हिस्सा लेने के इच्छुक उपभोक्ता, अपने बकाये व अरियर्स का भुगतान 5000 लोकेशनों व माध्यमों से कर सकते हैं। बीएसईएस बिल भुगतान केंद्रों के अलावा, बीएसईएस व स्काईपैक ड्रॉप बॉक्स, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैकिंग, ऑटो डेबिट, ईजी पे, सुविधा और ऑक्सीजन आउटलेट्स के माध्यम से भी बीएसईएस के बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है। इनके अलावा, फोन, इंटरनेट, इट्ज कार्ड्स, बिल पेमेंट कियॉस्क्स, चेक इन मेल फेसिलिटी, और की कंज्यूमर्स आरजीटीएस/ एनईएफटी आदि माध्यों से भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

———————————————————————————————